पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक विभाग), 0771–2262540 (कुलसचिव कार्यालय)

क्र.491/ च्वॉयस बेस्ड सिस्टम /अका./2016 रायपुर दिनांक 29.1.2016

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय अध्ययन शालाओं के छत्तीसगढ़ी, हिंदी एवं अंगरेजी स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए सत्र 2015–16 से च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम को निम्नानुसार अधिसूचित किया जाता है निम्न दिशा निर्देश के आधीन अध्ययन शालाओं में अध्ययनरत छात्र पाठयक्रम का चयन कर सकेंगे। यह पाठयक्रम सम सेमेस्टर (जनवरी 2016 से जून 2016) से प्रभावी हो जावेगा। **इन विषयों में अध्ययन के लिए छात्र अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में अध्यक्ष, भाषा विज्ञान अध्ययन शाला को दिनांक 5.2.2016 तक प्रेषित कर सकेंगे।**

च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम के लिए दिशा निर्देश–

1. च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम की कक्षायें प्रत्येक सप्ताह में तीन दिवस सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को एक–एक घंटे की लगाई जायेगी।
2. भाषा विज्ञान एवं दर्शन शास्त्र अध्ययन शालाओं की कक्षायें सुबह 9.00 से 10.00 बजे एवं अन्य सभी विभागों की कक्षायें सांय 4.00 से 5.00 बजे तक आयोजित की जायेगी।
3. छात्र द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में ही पाठयक्रम का चयन कर सकेंगे।
4. प्रत्येक छात्र को न्यूनतम छः क्रेडिट स्नातकोत्तर स्तर पर लेना अनिवार्य है, अधिकतम नौ से दस क्रेडिट तक का एक साथ या भिन्न–भिन्न विषयों का चयन छात्र कर सकेंगे।
5. उपरोक्त च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम के लिए आवेदन पत्र पृथक से तैयार किया गया है जो इस अधिसूचना के साथ संलग्न है।
6. च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम के परीक्षा एवं परीक्षा परिणामों के लिए अध्यादेश 170 प्रभावशील होगा।
7. विश्वविद्यालय अध्ययन शालाओं में अध्ययनरत छात्र ही इस पाठयक्रम में सम्मिलित हो सकेंगे।
8. च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के लिए पृथक–पृथक प्रदर्शित सूची के अनुसार ही चयन किया जा सकेगा।
9. च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रमों को अतिरिक्त पाठयक्रम के रूप में माना एवं प्रदर्शित किया जावेगा, परन्तु छात्र द्वारा इसको क्वालिफाइ करना अनिवार्य होगा।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक विभाग), 0771–2262540 (कुलसचिव कार्यालय)

द्वितीय सेमेस्टर के लिए उपलब्ध च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम

क्रं	विषय	प्रश्न पत्र का नाम
1.	छत्तीसगढ़ी	छत्तीसगढ़ी भाषा और व्याकरण
2.	हिंदी	हिंदी भाषा और उसके विविध रूप
3.	अंगरेजी	सामान्य अंगरेजी – एक

तृतीय सेमेस्टर के लिए उपलब्ध च्वॉयस बेस्ड पाठयक्रम

क्रं	विषय	प्रश्न पत्र का नाम
1.	छत्तीसगढ़ी	छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य
2.	हिंदी	हिंदी साहित्य का इतिहास एवं छत्तीसगढ़ के हिंदी साहित्यकार
3.	अंगरेजी	सामान्य अंगरेजी – दो

कुलसचिव

पृ.क्रं 492/च्वॉयस बेस्ड सिस्टम/अका./2016 रायपुर दिनांक 29.1.2016

प्रतिलिपिः

1. अध्यक्ष, समस्त अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण मंडल, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर
3. उप कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/अकादमिक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर
4. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उप कुलसचिव(अका0)